**जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओ के निर्माण हेतु स्वीकृत 78 विस्तृत प्राक्कलन के सापेक्ष त्रिपक्षीय अनुबन्ध कराये जाने हेतु दिनांक 12.08.2021 को कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति :–**

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु स्वीकृत 78 विस्तृत प्राक्कलनों के सापेक्ष त्रिपक्षीय अनुबन्ध कराये जाने हेतु पत्रांक 619/डब्लू–30/185 दिनांक 09.08.2021 द्वारा दिनांक 12.08.2021 को पूर्वाहन 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, लखनऊ में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की अध्यक्षता मे आहूत बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है:–

1. श्री अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
2. श्री डी0के0 दोहरे, जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
3. श्री एस रहमान, अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. श्री विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. श्री दिवाकर प्रताप सिंह, वैयक्तिक सहायक, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।
6. श्री शलभ श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
7. श्री अविनाश द्विवेदी, हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, लखनऊ।
8. श्री वी0पी0 श्रीवास्तव, डी0आर0एफ0ओ0, वन विभाग, लखनऊ।
9. श्री एम0 सतीश कुमार, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
10. श्री वी0वी0 सुब्बाराव राजू, प्रोजेक्ट मैनेजर, एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
11. श्री संतोष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष, नवदुर्गा सेवा संस्थान, लखनऊ।
12. श्री राजेश उपाध्याय, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज एण्ड एक्शन सत्या, जयपुर।
13. श्री पुनीत, पी0एस0 सेवा समिति, लखनऊ।
14. श्री हरि ओम पाल, एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग, लखनऊ।
15. अन्य संलग्न विवरण के अनुसार।

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को उनकी मूलभूत आवश्यकताओ के अनुरूप समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उददेश्य से **'जल जीवन मिशन' हर घर जल** कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्रामीण हेतु नियमित रूप से गुणवत्ता युक्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। तदक्रम में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टीसी–अ, दिनांक 21.01.2020 द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का गठन करते हुये पेयजल योजना के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश प्रभावी है।

उक्त के क्रम में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु पेयजल योजना के निर्माण हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्रांक 2143/डब्लू–22/एन0आई0टी0/2020–21 दिनांक 13.01.2021 द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद को कार्यदायी फर्म के रूप में सूचीबद्ध किये जाने के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 575/ल0स0/जल जीवन मिशन/ग्रा0वार सूची/2020–21 दिनांक 30.01.2021 द्वारा चयनित 468 ग्राम पंचायतों/672 राजस्व ग्राम की सूची उपलब्ध कराते हुए पेयजल योजना के निर्माण हेतु विस्तृत प्राक्कलन (डी0पी0आर0) प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। तदक्रम में जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान तक 423 ग्राम पंचायतो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि उपलब्ध करा दी गई है। कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए वर्तमान तक कुल 163 विस्तृत प्राक्कलन स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जा चुका हैं, जिसमे से 79 विस्तृत प्राक्कलन जिला पेयजल

एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ की संस्तुति के उपरान्त स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी हैं। प्रेषित 79 विस्तृत प्राक्कलन में से 78 विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान कर दी गयी हैं। शेष विस्तृत प्राक्कलन की जांच का कार्य प्रगति पर हैं। जिसमें से अधिकतर विस्तृत प्राक्कलनो को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्रांक 51/2121/1883/छिहत्तर–1–2021–सम/2019 दिनांक 06.08.2021 के दृष्टिगत संसोधित करने की आवश्यकता हैं। इस समबन्ध मे कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद को शीघ्र ही पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा। स्वीकृत विस्तृत प्राक्कलनो का विवरण निम्नवत हैं–

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | स्वीकृत विस्तृत प्राक्कलन की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बी0के0टी0 | 3 |
| 2 | चिनहट | 2 |
| 3 | गोसाई गंज | 0 |
| 4 | काकोरी | 18 |
| 5 | माल | 2 |
| 6 | मलिहाबाद | 8 |
| 7 | मोहनलालगंज | 24 |
| 8 | सरोजनी नगर | 21 |
| | योग | 78 |

कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद के स्थानीय प्रतिनिधि श्री एम0सतीश कुमार द्वारा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि त्रिपक्षीय अनुबन्ध सम्पन्न होने के उपरान्त कवर एग्रीमेन्ट हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किया जायेगा। कवर एग्रीमेन्ट होने के उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा कार्य प्रारम्भ व समाप्ति की तिथि प्रदान की जायेगी एवं तदोपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता, द्वितीय निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु चयनित एजेन्सी को सहयोग करने हेतु इम्पलीमेनटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के दायित्वों/गतिविधियों यथा जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे, तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक सं0 2447/डब्ल्यू–314/जे0जे0एम0– आई0एस0ए0/2020–21 दिनांक 25.01.2021 द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। सूचीबद्ध इम्पलीमेनटेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) के मध्य कलस्टर का आवंटन जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 654/ल0सि0/जजीमि0–हर घर जल/कलस्टर वाइज सूची का प्रेषण/2020–21 दिनांक 05.03.2021 द्वारा किया गया है।

इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग संस्थान, लखनऊ के अध्यक्ष श्री हरिओम पाल द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित योजना, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिकार व दायित्व, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के अधिकार एवं दायित्व एवं इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी के दायित्व के बारे में अवगत कराया गया हैं।

बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत 78 विस्तृत प्राक्कलन (सूची संलग्न) के सापेक्ष पेयजल योजना के निर्माण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के सदस्य सचिव श्री एस रहमान, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ, सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति

के सचिव (ग्राम विकास सचिव) एवं निर्माण एजेन्सी मेसर्स एन0सी0सी0लि0, हैदराबाद के प्रातिनिधि श्री सुब्बा राजू, प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा एग्रीमेन्ट पर सहमति जताते हुए संयुक्त रुप से हस्ताक्षर किया गया।

**सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।**

**(एस रहमान)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0– 670/ W-30 / 216 दिनांक 17/ 08 /2021

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी/अध्यक्ष , जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4. जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
6. अधिशासी अभियन्ता, त्रयोदश खण्ड, (वि0/यॉ0) जल निगम लखनऊ।
7. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, लखनऊ।
8. मेसर्स एन0सी0सी0लि0 हैदराबाद।
9. स्थानीय प्रतिनिधि मेसर्स एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
10. नेशनल इंस्टीयूट आफ डेपलपमेन्ट स्टडीज एण्ड ऐक्शन सत्या, 1/469 चित्रकूट, सेक्टर–1, वैशालीनगर, जयपुर।
11. हिन्दू मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75 ख, गुरूगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुऑ, लखनऊ।
12. पी0एस0 सेवा समिति, विनीतखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ।
13. एस0पी0 ग्राम्य विकास एवं ग्रामोद्योग संस्थान, 636/431 तकरोही, पोस्ट–चिनहट, सेक्टर–11, इन्दिरानगर, लखनऊ।
14. नव दुर्गा सेवा संस्थान, 288/145 नवदुर्गा मिक्सिंग लेब, आर्यनगर, नाका हिन्डोला, लखनऊ।

17/8/21

**(एस रहमान)**
**अधिशासी अभियन्ता**